**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

Truth Will Triumph

**President**
R. N. Prasad
**General Secretary**
S. B. Verma

**Vice President**
Devi Dayal
Ehsan Ahmad
**Treasurer**
Baidyanath Prasad

प्रेषक,

शशि भूषण वर्मा, / कमला प्रसाद सिंह
महासचिव, / महासचिव
बि०प्र०से०संघ / बिहार आरक्षी सेवा संघ

सेवामें,

श्री भी०एस०दूबे,
वित्त आयुक्त, बिहार, पटना ।

विषय:-केन्द्र सरकार द्वारा पंचम वेतन पुनरीक्षण के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा गठित फिटमेंट कमिटि के टर्म्स औफ रेफरेंस में बि.प्र.से. एवं बि. आ. से. के वेतनमान के विनिश्चय के संबंध में ।

महोदय,

केन्द्र सरकार द्वारा, पंचम वेतन पुनरीक्षण के पश्चात उनके कर्मियों को प्रदत्त वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं को लागू करने की अधिसूचना निर्गत कर दिए जाने के फलस्वरूप राज्य सरकार ने हू-बहू वही सिद्धान्त इस राज्य के कर्मियों के लिए भी स्वीकार कर लिया है । केन्द्रीय वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं को लागू करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक फिटमेंट कमिटि का गठन किया है जिसे दो माह में प्रतिवेदन देने का निदेश हुआ है ।

2. राज्य सरकार के साथ बिहार प्रशासनिक सेवा एवं बिहार आरक्षी सेवा संघों की जो वार्ता हुई थी उसमें हमारी ओर से यह विस्तार से स्पष्ट किया गया था कि किन परिस्थितियों में अन्य राज्य सेवाओं से उच्चतर वेतनमान बिहार प्रशासनिक एवं आरक्षी सेवाओं को स्वीकृत किया गया था । वार्ता के क्रम में वित्त आयुक्त के अलावे अपर वित्त आयुक्त श्री एस. विजय राघवन भी उपस्थित थे । राज्य सरकार ने तब यह निर्णय लिया था कि श्री विजय राघवन की अध्यक्षता में एक फिटमेंट कमिटी गठित करेगी जो अपनी

✆ : 221706 (O)
: 220421 / 261126 (R)

शेष पृष्ठ 2 पर.....

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

Truth Will Triumph

**President**
R. N. Prasad
**General Secretary**
S. B. Verma

**Vice President**
Devi Dayal
Ehsan Ahmad
**Treasurer**
Baidyanath Prasad



अनुशंसा देते समय प्रशासनिक/ आरक्षी सेवा के पदाधिकारियों को वर्तमान में स्वीकृत वेतनमान की पृष्ठभूमि/तथ्यों यथा बिहार प्रशासनिक सेवा संघ/ बिहार आरक्षी सेवा संघ द्वारा उदघाटित तथ्यों को मद्देनजर रखेगी । बाद में राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि फिटमेंट कमिटी की अध्यक्षता श्री सरव अली करेंगे । फिटमेंट कमिटी के अध्यक्ष बदले जाने के फलस्वरूप हमारे लिए यह आवश्यक हो गया है कि वार्ता के क्रम में चर्चित बिन्दुओं को औपचारिक/ लिखित रूप से सरकारी अभिलेख में ला दिया जाये ताकि फिटमेंट कमिटी के गठन के टर्म्स ऑफ रेफरेन्स में ही स्पष्ट रूप से बिहार प्रशासनिक/आरक्षी सेवा की अधिमानता उल्लिखित कर दी जाए ।

3. हमारे संघ, मंत्रिमंडलीय उपसमिति के माननीय सदस्यों तथा माननीय मुख्यमंत्री के साथ दिनांक 21.11.1997 को हुई वार्ता में यह तय हुआ था कि वस्तुनिष्ठ । । कारणों से बिहार प्रशासनिक सेवा एवं बिहार आरक्षी सेवा को पूर्व से स्वीकृत वेतनमान में छेड़छाड़ नहीं की जाएगी । कहना नहीं होगा कि वर्ष तक तत्कालीन बिहार असैनिक सेवा को मूल कोटि के वेतनमान का अंतिम चरण अन्य सेवाओं से 60/- साठ रूपया अधिक था-320-985/- । हमारी सेवा की प्रकृति तथा उसके सदस्यों पर आसन्न खतरे को सरकार ने हमेशा अहमियत दी है। अन्य राज्यों में प्रान्तीय प्रशासनिक तथा आरक्षी सेवा को जो वेतनमान 1986 तक स्वीकृत किया गया था, उसके मद्देनजर ही बिहार राज्य में हमारी सेवाओं का वेतनमान पुनरीक्षित किया गया था । विभिन्न राज्यों में चतुर्थ केन्द्रीय वेतनमान के आधार पर राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को स्वीकृत वेतनमान, यथा नीचे उद्धृत, के अवलोकन से स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जाएगी ।

शेष पृष्ठ 3 पर.. . .

✆ : 221706 (O)
: 220421 / 261126 (R)

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

**President**
R. N. Prasad
**General Secretary**
S. B. Verma

Truth Will Triumph

**Vice President**
Devi Dayal
Ehsan Ahmad
**Treasurer**
Baidyanath Prasad



| क्रमांक राज्य | बेसिक ग्रेड का बेतनमान | कनीय प्रवर कोटि | बरीय प्रवर कोटि | अन्य उच्च कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 1. कर्नाटक | 2450-4150 | 3650-4950 | 4070-5025 | - |
| 2. आन्ध्रप्रदेश | 3110-6380 | 3880-8140 | 6040-8700 | - |
| 3. गोवा | 2200-4000 | 3000-4500 | 3700-5000 | - |
| 4. उत्तरप्रदेश | 2200-4000 | 3000-4500 | 3700-5000 | (I) 4500-5700 |
| | | | | (II) 5100-5700 |
| | | | | (III) 5900-6700 |
| | | | | (IV) 7300-7600 |
| 5. प. बंगाल | 2200-4000 | 3000-4500 | 3700-5000 | (I) 4500-6000 |
| | | | | (II) 5900-6700 |
| 6. पंजाब | 2200-4000 | 3000-4500 | 4125-5600 | - |
| 7. हरियाणा | 2200-4000 | 3000-4500 | 4100-5300 | - |
| 8. हि. प्रदेश | 2200-4000 | 3000-4500 | 4125-5600 | - |
| 9. राजस्थान | 2200-4000 | 3000-4500 | 3500-5000 | 4500-5700 |
| 10. नागालैण्ड | 2200-4000 | 2900-4900 | 3500-5600 | 4000-5900 |
| 11. मिजोरम | 2200-4000 | 3000-4500 | 3700-5000 | (I) 4500-5700 |
| | | | | (II) 5100-6150 |
| 12. बिहार | 2200-4000 | 3000-4500 | 3700-5000 | (I) 4100-5300 |
| | | | | (II) 4500-5700 |
| | | | | (III) 5100-6300 |

4. अन्य राज्यों में भी सदृश बेतनमान 1.1.86 से लागू है। उपर की तालिका में बरीय प्रवर कोटि के उपर की कोटि में जहाँ कोई बेतनमान दर्शाया हुआ नहीं है, वहाँ लोग उक्त कोटि के पूर्व ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत हो जाते हैं।

✆ : 221706 (O)
: 220421 / 261126 (R)

शेष पृष्ठ 4 पर .....

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

Truth Will Triumph

**President**
R. N. Prasad
**General Secretary**
S. B. Verma

**Vice President**
Devi Dayal
Ehsan Ahmad
**Treasurer**
Baidyanath Prasad



5. ज्ञातव्य हो कि केन्द्र की पंचम वेतन पुनरीक्षण समिति ने दिल्ली एवं अंडमान निकोबार तथा पांडिचेरी सिविल सर्विस एवं पुलिस सर्विस के लिए स्वीकृत वेतनमान निम्न प्रकार है :-

(i) 2200-4000 — द्रष्टव्य केन्द्रीय वेतन पुनरीक्षण समिति रिपोर्ट की कंडिका संख्या-49.14

(ii) 3000-4500

(iii) 3700-5000

(iv) 4500-5700

6. यहाँ मैं यह भी रेखांकित करना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में शासन ने 1.1.96 के प्रभाव से अपने कर्मियों के वेतनमान का निर्धारण केन्द्र सरकार की भाँति कर दिया है। इस निमित्त निर्गत उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या-वे.आ.नि.-356/दस-22(एम)/97 दिनांक 30 दिसम्बर, 97 की छायाप्रति संलग्न की जाती है। इसके अनुसार राज्य कर्मियों के निम्नांकित संगत वेतनमान उद्धृत किए जाते हैं :-

| वेतन क्र.सं. | 1.1.96 के पूर्व का वर्तमान वेतनमान | पुनरीक्षित वेतनमान (दिनांक 1.1.96 से प्रभावी) |
|---|---|---|
| 22- | 2200-75-2800-द.रो.-100-4000 | |
| 23- | 2350-75-2800-द.रो.-100-4000 | 8000-275-13500 |
| 24- | 2275-75-2800-द.रो.-100-4100 | |
| 27- | 3000-100-3500-125-4500 | |
| 28- | 3000-100-3500-125-4750 | 10000-325-15200 |
| 29- | 3000-100-3500-125-5000 | |
| 31- | 3700-125-4700-150-5000 | 12000-375-16500 |

शेष पृष्ठ 5 पर......

✆ : 221706 (O)
: 220421 / 261126 (R)

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

TWT
Truth Will Triumph

**President**
R. N. Prasad
**General Secretary**
S. B. Verma

**Vice President**
Devi Dayal
Ehsan Ahmad
**Treasurer**
Baidyanath Prasad



| | | |
|---|---|---|
| 32- | 4100-125-4850-150-5300 | 14300-400-18300 |
| 33- | 4500-150-5700 | |
| 34- | 5100-150-5700 | 16400-450-20,000 |
| 35- | 5100-150-6150 | |
| 36- | 5100-150-5700-200-6300 | |

7. इस तरह स्पष्ट है कि हमारी सेवा को 1986 के बाद स्वीकृत मान भूलवश त्रुटिपूर्ण, दबाव में लिया गया निर्णय, अन्य राज्य सेवाओं के साथ भेदभा या अनुग्रह नहीं था बल्कि तथ्यों पर आधारित, सुविचारित तथा अन्य राज्यों में स्वीकृत वेतनमान के अनुरूप था, अतः इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं किया जाना चाहिए। अनुरोध है कि इस तथ्य को समिति के टर्म्स ऑफ रेफरेन्स में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए।

इस पत्र की प्रतिलिपि मंत्रिमंडलीय उप समिति के माननीय सदस्यों एवं माननीय मुख्य मंत्री जी को भी दी जा रही है।

विश्वासभाजन,

7/1/98

(कमला प्रसाद सिंह)
महासचिव,
बिहार पुलिस सेवा संघ, बिहार।

7/1

(शशि भूषण वर्मा)
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार, पटना

ज्ञापांक- 3 दिनांक 7-1-98

प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय मंत्री, योजना विभाग श्री तुलसी सिंह/ माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री जगतानन्द/माननीय मंत्री, वित्त श्री शंकर प्रसाद टेकरीवाल को सूचनार्थ प्रेषित।

7/1/98

(शशि भूषण वर्मा)
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार, पटना

✆ : 221706 (O)
: 220421 / 261126 (R)